दैनिक जागरण नई दिल्ली, 27 अगस्त 2013

# कास्ट मैनेजमेंट में राष्ट्रीय पुरस्कार




इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एकाउंटेंट्स द्वारा आयोजित एक समारोह में कारपोरेट मामलों के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सचिन पायलट ने कास्ट मैनेजमेंट में 10वें राष्ट्रीय पुरस्कारों का वितरण किया। इस मौके पर पायलट ने कहा कि कारपोरेट क्षेत्र कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहा है। इन परिस्थितियों में कंपनियों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बनाए रखने की जरूरत है। कंपनी कानून में कारपोरेट सामाजिक दायित्वों के बारे में पायलट ने कहा कि इनसे समाज के कल्याण और पर्यावरण को बचाने के काम में मदद मिलेगी।